# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (28 February)

- केंद्र सरकार ने **विमान यात्रियों को अधिकार** देने वाला **पैसेंजर चार्टर** जारी किया है। नागर विमानन (Civil Aviation) मंत्रालय द्वारा जारी इस चार्टर में उड़ान में 6 घंटे की देरी होने पर यात्रियों को पूरा पैसा लौटाने का निर्देश है या यात्रियों के लिये वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था एयरलाइन को करनी होगी। निर्धारित समय के 14 दिन पूर्व यदि उड़ान रद्द होती है तो पूरा पैसा वापस लौटाना होगा। सामान खोने या क्षतिग्रस्त हो जाने पर 20 हज़ार रुपए तक (350 रुपए प्रति किलोग्राम) का हर्जाना देना पड़ सकता है। बुक किये गए टिकटों के नामों में 24 घंटे पहले किये जाने वाले बदलाव के लिये कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। किसी फ्लाइट में क्षमता से अधिक बुकिंग होने पर भी यात्री को मुआवज़ा मांगने का अधिकार होगा।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में **राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव पुरस्कार** (नेशनल यूथ पार्लियामेंट फेस्टिवल अवार्ड) 2019 वितरित किये। राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव की थीम **नए भारत की आवाज बनें एवं समाधान खोजें और नीति में योगदान दें** रखी गई थी। इसका आयोजन युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के तत्त्वावधान में नेशनल सर्विस स्कीम और नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। यह महोत्सव 'नए भारत' की छवि का प्रतिनिधित्व करता है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर '**खेलो इंडिया एप**' भी लॉन्च किया जो इससे संबंधित आवश्यक जानकारियाँ प्रदान करेगा। इसे युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण ने विकसित किया है। इस एप का उपयोग देश में विभिन्न खेल स्थलों, उनकी उपलब्धता, खेल के नियमों और फिटनेस का पता लगाने में किया जा सकता है।
- केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओरांव ने नई दिल्ली स्थित डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में जनजातीय कार्य मंत्रालय के तहत ट्राइफेड द्वारा आयोजित कार्यशाला में **सूक्ष्म वन उपज के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य एवं वन धन के मूल्य वर्द्धन संघटक की** शुरुआत की। जनजातीय कार्य मंत्रालय अब **वन धन योजना** का विस्तार कर रहा है और उसे चरणबद्ध रूप से देश के सभी जनजातीय ज़िलों में लागू करने की योजना बना रहा है। इसकी शुरुआत बड़ी जनजातीय आबादी वाले महत्त्वाकांक्षी ज़िलों के साथ की जाएगी। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ने 14 अप्रैल, 2018 को छत्तीसगढ़ के बीजापुर ज़िले में वन धन योजना की शुरुआत की थी।
- केंद्रीय सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्री थावरचंद गहलोत ने **बधिर (Deaf) लोगों के लिये ISL शब्दकोश** का दूसरा संस्करण लॉन्च किया। इस शब्दकोश को इंडियन साइन लेंग्वेज रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर (ISLRTC) ने तैयार किया है, जो सामाजिक न्याय व आधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के तहत कार्य करता है। इसका 3000 शब्दों वाला पहला संस्करण 23 मार्च, 2018 को लॉन्च किया गया था। अब इस शब्दकोश में शिक्षा, कानून, चिकित्सा, तकनीक आदि विषयों के लगभग 6000 शब्द हैं। इस शब्दकोश को बधिर समुदाय के लोगों के सुझावों और समझ के आधार पर तैयार किया गया है। इसमें अंग्रेज़ी और हिंदी संकेतों की सूची भी दी गई है। आपको बता दें कि 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में 50.71 लाख बधिर व्यक्ति हैं। इस शब्दकोश निर्माण का लक्ष्य ISL के इस्तेमाल को प्रोत्साहन देना और बधिर व्यक्तियों को शिक्षा तथा रोज़गार के बेहतर अवसर प्रदान करना है।
- केंद्र सरकार ने **कैंसर के इलाज** में इस्तेमाल होने वाली 42 दवाओं को मूल्य नियंत्रण के दायरे में लाने का फैसला किया है। इनके ट्रेड मार्जिन 30 फीसदी तक सीमित कर दिये गए हैं, जिससे इन दवाओं के खुदरा मूल्य में 85% तक की कमी आएगी। नेशनल फार्मास्यूटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी (NPPA) ने जनहित में असाधारण शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए ड्रग्स (प्राइस कंट्रोल) ऑर्डर, 2013 के पैरा 19 के तहत नियामक 42 नॉन-शेड्यूल के तहत एंटी-कैंसर ड्रग्स को मूल्य नियंत्रण के दायरे में रखा है। इससे 105 ब्रांडों के अधिकतम खुदरा मूल्य (MRP) 85% तक कम होंगे। गौरतलब है कि अभी तक कैंसर के इलाज में इस्तेमाल की जाने वाली 57 दवाएँ मूल्य नियंत्रण के दायरे में थीं।
- इंटरनेशनल काउंसिल ऑन क्लीन ट्रांसपोर्टेशन, जॉर्ज वाशिंगटन यूनिवर्सिटी और कोलाराडो यूनिवर्सिटी के शोधकर्त्ताओं द्वारा किये गए एक अध्ययन के अनुसार वर्तमान में **वायु प्रदूषण** एक बड़ी समस्या बनी हुई है। भारत में होने वाले वायु प्रदूषण में सबसे बड़ा योगदान डीज़ल वाहनों का है। वायु प्रदूषण से होने वाली कुल मौतों में से दो-तिहाई का कारण डीज़ल वाहन हैं। यह निष्कर्ष वायु प्रदूषण से 2015 में हुई मौतों के आधार पर निकाला गया है। 2015 में वायु प्रदूषण के कारण दुनियाभर में लगभग 3 लाख 85 हज़ार लोगों की मौत हुई थी। तब चीन, भारत, यूरोपीय संघ और अमेरिका में वायु प्रदूषण का सर्वाधिक असर देखने को मिला था।
- भारतीय मूल की अमेरिकी तथा पेप्सिको की पूर्व अध्यक्ष **इंदिरा नूयी** को **एमेज़ॉन के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स** में शामिल किया गया है। उन्होंने पिछले वर्ष अक्तूबर में पेप्सिको से इस्तीफा दिया था। अब वह एमेज़ॉन की ऑडिट कमेटी की सदस्य होंगी। इंदिरा नूयी एमेज़ॉन के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में शामिल होने वाली दूसरी अश्वेत महिला हैं। इससे पहले इसी महीने की शुरुआत में स्टारबक्स की CEO रोसलिंड ब्रेवर भी बोर्ड में शामिल हुई थीं। गौरतलब है कि इंदिरा नूयी अक्तूबर 2006 से अक्तूबर 2018 तक पेप्सिको की CEO रही हैं। उन्होंने पेप्सिको में मई 2007 से फरवरी 2019 तक निदेशक मंडल के अध्यक्ष के पद पर भी काम किया। वे पेप्सिको से 1994 में जुड़ी थीं और उन्हें 2001 में पेप्सिको के निदेशक मंडल में शामिल कर मुख्य वित्तीय अधिकारी बनाया गया था।
- **नाइजीरिया** में मुहम्मद बुहारी लगातार दूसरी बार चुनाव जीतकर **राष्ट्रपति** बन गए हैं। 23 फरवरी को हुए राष्ट्रपति चुनाव में बुहारी को 56% वोट मिले। उनके मुख्य प्रतिद्वंदी और पूर्व उपराष्ट्रपति अतीकु अबू बकर को 41% वोट मिले और उन्होंने चुनाव नतीजों को मानने से इनकार कर दिया है। अफ्रीका के इस सबसे अधिक आबादी वाले और शीर्ष तेल उत्पादक देश के सभी 36 प्रांतों और केंद्रशासित राजधानी क्षेत्र में मतपत्रों की गिनती होने के बाद नाइजीरिया के स्वतंत्र राष्ट्रीय चुनाव आयोग (INEC) के अध्यक्ष महमूद याकुबु ने उनकी जीत का एलान किया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-february-28